# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 28/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-से प्रदूषक, अम्लीय वर्षा के लिए मुख्यतः जिम्मेदार हैं?

**Ans**
✗ 1. ओजोन
✔ 2. सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड
✗ 3. कार्बन मोनोऑक्साइड
✗ 4. मेथेन

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा आयोजन, भारत की सबसे बड़ी बहु-खेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के रूप में जाना जाता है?

**Ans**
✗ 1. इंडियन प्रीमियर लीग (Indian Premier League)
✗ 2. खेलो इंडिया यूथ गेम्स (Khelo India Youth Games)
✔ 3. नेशनल गेम्स (National Games)
✗ 4. प्रो कबड्डी लीग (Pro Kabaddi League)

**Q.3** सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI), भारत सरकार के निम्नलिखित में से किस मंत्रालय के तहत एक प्रिमियर एस एंड टी (premier S&T) संगठन है?

**Ans**
✗ 1. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
✗ 2. संचार मंत्रालय
✗ 3. गृह मंत्रालय
✔ 4. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)

**Q.4** पौधों में प्रकाश संश्लेषण के लिए कौन-सा अंग जिम्मेदार है?

**Ans**
✗ 1. माइटोकॉन्ड्रिया (Mitochondria)
✔ 2. क्लोरोप्लास्ट (Chloroplast)
✗ 3. ल्यूकोप्लास्ट (Leucoplast)
✗ 4. क्रोमोप्लास्ट (Chromoplast)

**Q.5** कन्नड़ में लिखी गई किस पुस्तक को 2025 का अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिला?

**Ans**
✗ 1. कैस्केड्स (Cascades)
✗ 2. दियोतिमा (Diotima)
✔ 3. हार्ट लैंप (Heart Lamp)
✗ 4. द गर्ल विद द सेवन लाइव्स (The Girl with the Seven Lives)

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारत के संविधान के अंतर्गत न्यायिक समीक्षा के दायरे का सही वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ 1. न्यायिक समीक्षा का संविधान (अनुच्छेद 13) में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है।
- ✗ 2. न्यायालय किसी भी कानून की समीक्षा संसद द्वारा अनुमोदन के बाद ही कर सकते हैं।
- ✗ 3. केवल सर्वोच्च न्यायालय ही कानूनों को असंवैधानिक घोषित कर सकता है।
- ✓ 4. सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय दोनों ही असंवैधानिक कानूनों को रद्द कर सकते हैं।

**Q.7** 104$^{वें}$ संविधान संशोधन अधिनियम, 2020 द्वारा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में कौन-सा विशेष प्रतिनिधित्व समाप्त कर दिया गया?

**Ans**
- ✓ 1. एंग्लो-इंडियन आरक्षण
- ✗ 2. SC/ST आरक्षण
- ✗ 3. OBC आरक्षण
- ✗ 4. महिलाओं के लिए आरक्षण

**Q.8** जब आप डेस्कटॉप पर किसी आइकन पर डबल-क्लिक करते हैं, तो क्या होता है?

**Ans**
- ✗ 1. यह विंडो को मिनिमाइज कर देता है।
- ✓ 2. यह एप्लिकेशन या फ़ाइल ओपन करता है।
- ✗ 3. यह डिलीट हो जाता है।
- ✗ 4. यह टास्कबार पर चला जाता है।

**Q.9** विविधतापूर्ण समाज को संविधान की आवश्यकता क्यों है?

**Ans**
- ✗ 1. धार्मिक एकरूपता लागू करने के लिए
- ✗ 2. शासकों को दूसरों पर हावी होने देने के लिए
- ✗ 3. सभी मतभेदों को मिटाने के लिए
- ✓ 4. समन्वय और आश्वासन के लिए मूलभूत नियम प्रदान करने के लिए

**Q.10** 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किस भारतीय एथलीट ने 200m स्प्रिंट (sprint) में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया?

**Ans**
- ✗ 1. अमलान बोरगोहेन
- ✗ 2. अमिया मलिक
- ✗ 3. गुरिंदरवीर सिंह
- ✓ 4. अनिमेष कुजूर

**Q.11** 27 मई, 2025 को राजस्थान उच्च न्यायालय ने FIR और वित्तीय लेनदेन के संबंध में एक निर्देश जारी किया। इसका एक प्रमुख अधिदेश क्या था?

**Ans**
- ✓ 1. न्यायालयों को ₹2 लाख से अधिक के नकद लेनदेन की सूचना आयकर विभाग को देनी होगी।
- ✗ 2. FIR केवल फौजदारी अपराधों के लिए दर्ज की जा सकती है, सिविल विवादों के लिए नहीं।
- ✗ 3. सभी FIR को पंजीकरण से पहले मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए।
- ✗ 4. सभी संपत्ति से संबंधित लेनदेन डिजिटल भुगतान के माध्यम से किए जाने चाहिए।

**Q.12** निम्नलिखित में से किन एजेंसियों ने वर्ष 2025 में, मल्टी-कोर फाइबर पर भारत का पहला क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन हासिल किया?

**Ans**
- ✓ 1. C-DOT और स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
- ✗ 2. NIC और BEL
- ✗ 3. DRDO और IIT-B
- ✗ 4. CSIR और ISRO

Q.13 2025 में किस भारतीय राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने चेस सेंटर और स्नूकर हॉल (chess centres and a snooker hall) सहित आधुनिक खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया?

Ans
- ✗ 1. पंजाब
- ✗ 2. अंडमान एवं निकोबार
- ✗ 3. महाराष्ट्र
- ✓ 4. चंडीगढ़

Q.14 1950-1990 के दौरान भारत द्वारा मुख्य रूप से किस प्रकार की वस्तुओं का निर्यात किया गया था?

Ans
- ✗ 1. पूंजीगत वस्तुएं
- ✗ 2. ऑटोमोबाइल
- ✓ 3. प्राथमिक उत्पाद
- ✗ 4. कच्चा तेल

Q.15 मई 2025 में पीएम मोदी की NTEP की समीक्षा में ____________ नामक स्वयंसेवकों से रोगी अनुवर्ती के लिए AI उपकरण अपनाने का आग्रह किया गया।

Ans
- ✗ 1. आरोग्य सहायक (Arogya Sahayaks)
- ✓ 2. निक्षय मित्र (Nikshay Mitras)
- ✗ 3. स्वस्थ संगिनी (Swasth Sanginis)
- ✗ 4. टीबी मित्र (TB Mitra)

Q.16 उपनिवेशी नीतियों ने कृषि के वाणिज्यीकरण को बढ़ावा दिया। ब्रिटिश शासन के दौरान निम्नलिखित में से किस फसल को निर्यात के लिए प्रोत्साहित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. जौ
- ✓ 2. नील
- ✗ 3. दालें
- ✗ 4. मक्का

Q.17 प्रसिद्ध नारा "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा", ______ द्वारा दिया गया था।

Ans
- ✗ 1. दादाभाई नौरोजी
- ✓ 2. बाल गंगाधर तिलक
- ✗ 3. सुभाष चंद्र बोस
- ✗ 4. महात्मा गांधी

Q.18 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह चर्चा है कि यदि कोई व्यक्ति जिसने स्वेच्छा से किसी विदेशी राज्य की नागरिकता प्राप्त कर ली है, उसे संविधान के प्रारंभ में अनुच्छेद 5, 6 या 8 के आधार पर भारत का नागरिक नहीं माना जाएगा?

Ans
- ✓ 1. अनुच्छेद 9
- ✗ 2. अनुच्छेद 11
- ✗ 3. अनुच्छेद 12
- ✗ 4. अनुच्छेद 10

Q.19 प्रोटीन मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किसके लिए जिम्मेदार हैं?

Ans
- ✗ 1. त्वरित ऊर्जा प्रदान करना
- ✓ 2. ऊतकों की वृद्धि और मरम्मत
- ✗ 3. पाचन में सुधार
- ✗ 4. स्मरण शक्ति बढ़ाना

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा संकेतक मानव विकास सूचकांक (HDI) की गणना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. जन्म पर जीवन प्रत्याशा
- ✗ 2. प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय
- ✗ 3. स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष
- ✓ 4. शिशु मृत्यु दर

**Q.21** पड़ोसी देश पेरू और चिली, किस महाद्वीप में स्थित हैं?

**Ans**
- ✓ 1. दक्षिण अमेरिका
- ✗ 2. एशिया
- ✗ 3. अफ्रीका
- ✗ 4. यूरोप

**Q.22** चिलिका झील और पुलिकट झील निम्नलिखित में से कहां स्थित हैं?

**Ans**
- ✓ 1. भारत के पूर्वी तट
- ✗ 2. कोंकण तट
- ✗ 3. भारत के पश्चिमी तट
- ✗ 4. मालाबार तट

**Q.23** 1722 में, अवध की स्थापना के समय इसकी राजधानी क्या थी?

**Ans**
- ✗ 1. बरेली
- ✗ 2. फतेहपुर
- ✗ 3. गोरखपुर
- ✓ 4. फैजाबाद

**Q.24** दिसंबर 2024 में भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास SLINEX 24 कहाँ आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. कोच्चि
- ✓ 2. विशाखापत्तनम
- ✗ 3. कोलंबो
- ✗ 4. चेन्नई

**Q.25** निम्नलिखित में से किसने, अप्रैल 2025 में एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शॉट पुट में 19.59 मीटर थ्रो करके रजत पदक जीता?

**Ans**
- ✗ 1. अनुराग जी
- ✓ 2. निश्चय
- ✗ 3. विधि
- ✗ 4. वीएस अनुप्रिया

**Q.26** 2022 में, के. उमादेवी बनाम तमिलनाडु सरकार मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) अधिनियम, 2017 के तहत, तीसरे बच्चे के लिए प्रसूति प्रसुविधा प्रदान की और कहा कि यह एक संवैधानिक अधिकार है। न्यायालय ने इस प्रसुविधा को किस मौलिक अधिकार से जोड़ा?

**Ans**
- ✗ 1. अनुच्छेद 21A के तहत शिक्षा का अधिकार
- ✗ 2. अनुच्छेद 23 के तहत शोषण के विरुद्ध अधिकार
- ✗ 3. अनुच्छेद 14 के तहत समानता का अधिकार
- ✓ 4. अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार

Q.27 किस नेता ने भारतीयों को राष्ट्रीय सेवा और राजनीतिक जागरूकता के लिए प्रशिक्षित करने हेतु सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना की?

Ans
- ✗ 1. बी.आर. अंबेडकर
- ✗ 2. बाल गंगाधर तिलक
- ✗ 3. मोतीलाल नेहरू
- ✓ 4. गोपाल कृष्ण गोखले

Q.28 कौन-सी शॉर्टकट कुंजी (key), विंडोज 10/11 में सिस्टम सेटिंग्स (System Settings) को शीघ्रता से ओपन करती है?

Ans
- ✗ 1. Alt + F4
- ✗ 2. Ctrl + Alt + Del
- ✗ 3. Windows + D
- ✓ 4. Windows + I

Q.29 निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को भारत सरकार द्वारा बेहतर वित्तपोषण पहुंच के लिए अवसंरचना के रूप में वर्गीकृत किया गया है?

Ans
- ✗ 1. रिटेल (Retail)
- ✓ 2. माल भण्डारण (Warehousing)
- ✗ 3. परिधान (Apparel)
- ✗ 4. शिक्षा (Education)

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-से संवैधानिक प्रावधानों में अनुच्छेद 368 के तहत विशेष प्रक्रिया के बजाय संसद के एक साधारण अधिनियम (साधारण बहुमत) द्वारा संशोधन किया जा सकता है?

Ans
- ✓ 1. अनुच्छेद 2 (संसद, कानून द्वारा नए राज्यों को शामिल कर सकती है)
- ✗ 2. अनुच्छेद 368 (स्वयं संशोधन प्रक्रिया)
- ✗ 3. अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता)
- ✗ 4. अनुच्छेद 356 (राज्यों में राष्ट्रपति शासन)

Q.31 अप्रैल 2025 में, DOT ने 6G अनुसंधान एवं विकास के लिए दो विशेष राष्ट्रीय परीक्षण केंद्रों के वित्तपोषण की घोषणा की। एक THz संचार पर केंद्रित है; दूसरा किस क्षेत्र का अन्वेषण करता है?

Ans
- ✓ 1. एडवांस्ड ऑप्टिकल कम्युनिकेशन (Advanced optical communication)
- ✗ 2. सैटेलाइट बैकहॉल (Satellite backhaul)
- ✗ 3. क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (Quantum key distribution)
- ✗ 4. विज़िबल-लाइट कम्युनिकेशन (Visible-light communication)

Q.32 निम्नलिखित में से कौन-सा, पारंपरिक लोक रंगमंच रूप महाराष्ट्र में प्रसिद्ध है?

Ans
- ✓ 1. तमाशा
- ✗ 2. भवाई
- ✗ 3. यक्षगान
- ✗ 4. नौटंकी

Q.33 मार्च 2025 में हस्ताक्षरित ₹2,906 करोड़ के सौदे के तहत किस बल (force) को अश्विनी रडार प्रणाली मिलेगी?

Ans
- ✓ 1. भारतीय वायु सेना
- ✗ 2. भारतीय थल सेना
- ✗ 3. भारतीय तट रक्षक
- ✗ 4. भारतीय नौसेना

Q.34 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 371A ____________ राज्य के लिए विशेष प्रावधान प्रदान करता है।

Ans
1. पंजाब
2. केरल
3. नागालैंड
4. राजस्थान

Q.35 ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म निम्नलिखित में से किस वर्ष हुआ था, जिन्हें हिंदू समाज में, विधवा पुनर्विवाह करवाने और बहुविवाह के उन्मूलन के प्रयासों के लिए याद किया जाता है?

Ans
1. 1812
2. 1820
3. 1835
4. 1849

Q.36 पश्चिमी घाट निम्नलिखित में से किस राज्य से होकर गुजरता है?

Ans
1. तमिलनाडु
2. पंजाब
3. बिहार
4. उत्तर प्रदेश

Q.37 भारत के उत्तरी मैदानों में नहर सिंचाई अधिक उपयुक्त क्यों है?

Ans
1. नदियाँ केवल मानसून ऋतु में बहती हैं।
2. सपाट भूमि और बारहमासी नदियाँ नहर नेटवर्क को सपोर्ट करती हैं।
3. पृष्ठ असमान होती है और पहाड़ियों से आच्छादित होती है।
4. इस क्षेत्र में अत्यधिक निम्न वार्षिक वर्षा होती है।

Q.38 अप्रैल 2025 में, चीन द्वारा निम्नलिखित में से किसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वार्ताकार नियुक्त किया गया है?

Ans
1. जू फेइहोंग (Xu Feihong)
2. ली चेंगगांग (Li Chenggang)
3. वांग शॉवेन (Wang Shouwen)
4. जियांग जैदोंग (Jiang Zaidong)

Q.39 चोल शासन के दौरान, निम्नलिखित में से कौन-सी भूमि जैन संस्थाओं को दान की गई थी?

Ans
1. वेल्लनवागई
2. तिरुनामट्टुक्कानी
3. शालाभोग
4. पल्लीछंदम

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल और इसके लवण, फफूंद, खमीर और कवक की वृद्धि को रोकने के लिए व्यापक रूप से खाद्य परिरक्षक के रूप में प्रयुक्त किए जाते हैं?

Ans
1. परक्लोरिक अम्ल
2. बोरिक अम्ल
3. सोर्बिक अम्ल
4. मैलिक अम्ल

Section : **Mathematics**

Q.1 यदि पहली संख्या का 51%, दूसरी संख्या के $\frac{6}{7}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात कितना है?

Ans
✗ 1. 199 : 124
✓ 2. 200 : 119
✗ 3. 195 : 114
✗ 4. 205 : 116

Q.2 दो क्रमागत सम प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योग 452 है। संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 26
✗ 2. 48
✓ 3. 30
✗ 4. 44

Q.3 किसी कंपनी द्वारा अर्जित लाभ (₹ में) को कंपनी के तीन साझेदारों के बीच 12 : 3 : 14 के अनुपात में बांट दिया जाता है। यदि सबसे छोटे और सबसे बड़े हिस्से में अंतर ₹61,699 है, तो कंपनी का कुल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1,62,566
✓ 2. 1,62,661
✗ 3. 1,62,673
✗ 4. 1,62,581

Q.4 A दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक को 19 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 11 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से, उन्होंने यह कार्य केवल 2 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले यह कार्य कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
✗ 1. $12\frac{120}{149}$ दिन
✓ 2. $2\frac{120}{149}$ दिन
✗ 3. $11\frac{120}{149}$ दिन
✗ 4. $6\frac{120}{149}$ दिन

Q.5 संख्याओं 8.6 और 0.12 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2.58
✓ 2. 25.8
✗ 3. 0.258
✗ 4. 258

Q.6 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{5}{6}$ भाग को 30 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{3}{4}$ भाग को 27 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 2 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 4 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
✗ 1. 48 घंटे
✓ 2. 36 घंटे
✗ 3. 44 घंटे
✗ 4. 54 घंटे

Q.7 यदि किसी सम बहुभुज के सभी अंतः कोणों का योग 28 समकोण है, तो उसकी भुजाओं की संख्या कितनी होगी?

Ans
✗ 1. 14
✗ 2. 15
✗ 3. 13
✓ 4. 16

Q.8 एक गोले का व्यास 12 cm है। इसका आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. $288\pi\ cm^3$
✗ 2. $192\pi\ cm^3$
✗ 3. $144\pi\ cm^3$
✗ 4. $576\pi\ cm^3$

Q.9 150 m लंबी एक ट्रेन, 9 km/hr की चाल से (समान दिशा में) चल रहे एक व्यक्ति को 36 सेकंड में पार कर लेती है। इस ट्रेन को विपरीत दिशा में 43 km/hr की चाल से चल रही 185 m लंबी एक अन्य ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 35
✓ 2. 18
✗ 3. 12
✗ 4. 23

Q.10 सपना ने ₹20,000 की धनराशि में से कुछ धनराशि 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से और शेष धनराशि 13% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की। यदि उसे 7 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज प्राप्त होता है, तो 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10,399
✗ 2. 10,398
✓ 3. 10,400
✗ 4. 10,403

Q.11 यदि 6 अंकों की संख्या N42M47, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध दे सकता है?

Ans
✗ 1. M - N = 1
✓ 2. M - N = -5
✗ 3. M + N = 5
✗ 4. M = N

Q.12 प्रथम 164 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 165.5
✓ 2. 165
✗ 3. 164.5
✗ 4. 166

Q.13 मैंने ₹1,200 में दो साइकिलें खरीदीं। मैंने पहली साइकिल 9% की हानि पर और दूसरी साइकिल 27% के लाभ पर बेची। यदि कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहली साइकिल का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 920
✓ 2. 900
✗ 3. 884
✗ 4. 924

Q.14 एक कुर्सी को 12% और 9% की दो क्रमिक छूट देने के बाद ₹4,600 में बेचा गया। अंकित मूल्य कितना है? (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)

Ans
1. ₹7,820.12
2. ₹5,744.26
3. ₹8,008.39
4. ₹7,948.74

Q.15 दो संख्याओं का योगफल 66 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 400 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9, 57
2. 21, 45
3. 14, 52
4. 16, 50

Q.16 किसी संख्या में 60% वृद्धि करने पर 3640 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1137.5
2. 6825
3. 4550
4. 2275

Q.17 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:
(-9) - (-60) ÷ (-12) + (-2) × 9

Ans
1. -35
2. -31
3. -34
4. -32

Q.18 एक व्यक्ति 18 km/hr की चाल से कानपुर से लखनऊ जाता है और उसी मार्ग से 36 km/hr की चाल से कानपुर वापस आता है। संपूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 24
2. 22
3. 18
4. 27

Q.19 एक दुकानदार अपने ग्राहकों को अपनी दुकान में वस्तुओं की खरीद के लिए निम्नलिखित चार छूट योजनाएं प्रदान करता है।
(i) 5 खरीदें और 3 मुफ़्त पाएं
(ii) 6 खरीदें और 3 मुफ़्त पाएं
(iii) 20 खरीदें और 5 मुफ़्त पाएं
(iv) 8 खरीदें और 6 मुफ़्त पाएं
ग्राहकों के लिए कौन-सी योजना सर्वाधिक लाभदायक है?

Ans
1. (ii)
2. (iv)
3. (iii)
4. (i)

Q.20 एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर 16 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह धनराशि 9 गुना हो जाएगी?

Ans
1. 32 वर्ष
2. 29 वर्ष
3. 26 वर्ष
4. 27 वर्ष

Q.21 [960 ÷ {28 + 5 × (7 − 3)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 15
2. 23
3. 29
4. 20 ✔

Q.22 10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं।

11, 11, 14, 12, 20, 19, 16, 18, 11, 12

आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 14
2. 10
3. 12
4. 11 ✔

Q.23 पाँच ठोस घनों जिनमें से प्रत्येक का आयतन 216000 $cm^3$ है, को सिरों से जोड़कर एक घनाभ बनाया गया है। घनाभ का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 43245
2. 43200 ✔
3. 43045
4. 43464

Q.24 कोई व्यक्ति ऋण चुकाने के लिए अपने मासिक वेतन के 25% के बराबर मासिक भुगतान करता है। वह शेष वेतन का 52% खर्च करता है और ₹288 बचाता है। उसका मासिक वेतन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 811
2. 800 ✔
3. 816
4. 888

Q.25 ₹21,300 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया गया कि A के हिस्से का 2 गुना = B के हिस्से का 4 गुना = C के हिस्से का 7 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹11,868
2. ₹11,928 ✔
3. ₹12,099
4. ₹11,919

Q.26 यदि मैरी की वर्तमान आयु का 3 गुना, दीया की वर्तमान आयु के 9 गुने से 27 वर्ष अधिक है, और दीया की वर्तमान आयु का 4 गुना, मैरी की वर्तमान आयु से 7 वर्ष कम है, तो मैरी और दीया की आयु के बीच का अंतर (वर्षों में) कितना है?

Ans
1. 10
2. 17
3. 8
4. 13 ✔

Q.27 निम्न को सरल कीजिए:

$\sec\theta\,(1+\sin\theta)(\sec\theta-\tan\theta)$

Ans
1. $\sec\theta$
2. $1$ ✔
3. $\tan\theta$
4. $-1$

Q.28 एक व्यापारी 44% लाभ पर आटा बेचने का दावा करता है, लेकिन बेईमानी से उस बाट का इस्तेमाल करता है जो उस पर उल्लिखित वजन से 10% कम है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✔ 1. 60%
✘ 2. 62%
✘ 3. 63%
✘ 4. 61%

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 74,75,79,723 को विभाजित करती है?

Ans
✘ 1. 8
✘ 2. 13
✘ 3. 9
✔ 4. 11

Q.30 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$2\left(\left(\frac{7}{2}\right)x^2 - 28x + 17\right) - 7(x^2 + 6x - 11)$$

Ans
✔ 1. −98x + 111
✘ 2. 98x − 111
✘ 3. 98x + 111
✘ 4. −98x − 111

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LIKE' को '7029' और 'KAIL' को '1279' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या होगा?

Ans
✔ 1. 1
✘ 2. 7
✘ 3. 9
✘ 4. 2

Q.2 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. SUP
✔ 2. UWS
✘ 3. MOJ
✘ 4. PRM

Q.3 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TEMP' को '3129' तथा 'ITEM' को '1396' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 3
✔ 2. 6
✘ 3. 1
✘ 4. 9

Q.4 W, A की पुत्री है। A, K का भाई है। K, E की पत्नी है। E, S का पिता है। W का S से क्या संबंध है?

Ans
✘ 1. माता की बहन की पुत्री
✘ 2. माता के भाई का पुत्र
✔ 3. माता के भाई की पुत्री
✘ 4. माता की बहन का पुत्र

Q.5 प्रणय, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 5 km, पूर्व की ओर
✗ 2. 4 km, पश्चिम की ओर
✓ 3. 4 km, पूर्व की ओर
✗ 4. 5 km, पश्चिम की ओर

Q.6 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B के दाएं केवल एक व्यक्ति बैठा है। E पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। F और B का निकटतम पड़ोसी G है। C, A के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D के बाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✓ 2. छह
✗ 3. तीन
✗ 4. पाँच

Q.7 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से DACB का संबंध FCED से है। उसी तरीके से, YVXW का संबंध AXZY से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VSUT का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

Ans
✗ 1. XUVV
✗ 2. XTVV
✓ 3. XUWV
✗ 4. XVVE

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ चुकंदर, मूली हैं।
कुछ मूली, प्याज हैं।

निष्कर्ष:
I. कुछ चुकंदर, प्याज हैं।
II. कोई चुकंदर, प्याज नहीं है।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.9 यदि संख्या 7856413 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से तीसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
✓ 1. 8
✗ 2. 12
✗ 3. 10
✗ 4. 6

Q.10 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे 22 छात्रों की एक पंक्ति में, मयंक बाएं छोर से 15वें स्थान पर है। यदि पायल, मयंक के दाएं से 7वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएं छोर से पायल का स्थान कौन-सा है?

Ans
✓ 1. पहला
✗ 2. तीसरा
✗ 3. चौथा
✗ 4. दूसरा

**Q.11** पांच व्यक्ति, A, B, C, D और E, एक सीधी पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। बाएं छोर पर B बैठा है। D और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B के दाएं दूसरे स्थान पर E बैठा है। A, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C के दाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**

✗ 1. दो

✓ 2. तीन

✗ 3. एक

✗ 4. एक भी नहीं

**Q.12** यदि संख्या 943372856 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 3 घटाया जाए, तो इस प्रकार बने सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक के बीच कितना अंतर होगा?

**Ans**

✗ 1. 6

✗ 2. 8

✗ 3. 7

✓ 4. 9

**Q.13** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी चुम्बक, चट्टानें हैं।
सभी चट्टानें, मिट्टी हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ मिट्टी, चट्टानें हैं।
(II) सभी चुम्बक, मिट्टी हैं।

**Ans**

✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✓ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.14** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से SKEA का संबंध PGBW से है। उसी तरीके से, GUSK का संबंध DQPG से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से XIJY का संबंध किससे है?

**Ans**

✗ 1. PPOI

✓ 2. UEGU

✗ 3. UGEU

✗ 4. UIOP

**Q.15** सतीश अपने घर से यात्रा शुरू करके उत्तर दिशा की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है और दाएं मुड़ता है, फिर 3 km ड्राइव करके अपने कार्यालय पहुंचता है। उसके घर के सापेक्ष कार्यालय किस दिशा में है?
(जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)

**Ans**

✓ 1. उत्तर-पश्चिम

✗ 2. पश्चिम

✗ 3. दक्षिण

✗ 4. उत्तर

Q.16 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 एवं 3 में तोड़ना और फिर 1 एवं 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
12, 134
9, 71

Ans
1. 16, 246 ✔
2. 13, 170 ✘
3. 15, 235 ✘
4. 11, 130 ✘

Q.17 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से CROWD का संबंध HWTBI से है। उसी तरह DRAWN का संबंध IWFBS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BRUSH का दिए गए विकल्पों में से किससे संबंध है?

Ans
1. GWZYM ✘
2. FVYWL ✘
3. GWZXM ✔
4. HXAYN ✘

Q.18 संख्या 9231475 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
1. एक भी नहीं ✘
2. दो ✘
3. एक ✘
4. तीन ✔

Q.19 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

26 × 4 ÷ 8 − 15 + 6 = ?

Ans
1. 60 ✘
2. 62 ✘
3. 59 ✘
4. 61 ✔

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

TKF 4, SJE 8, RID 12, QHC 16, ?

Ans
1. OFA 18 ✘
2. PFA 18 ✘
3. PGB 20 ✔
4. OGB 20 ✘

Q.21 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 2 & % 4 6 Ω * 7 $ £ 8 & 1 % @ 5 3 # * 9 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?

Ans
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. दो से अधिक
- ✓ 3. एक
- ✗ 4. एक भी नहीं

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. PTZG
- ✓ 2. SWCI
- ✗ 3. VZFM
- ✗ 4. IMSZ

Q.23 सात बॉक्स, N, O, T, F, A, R और M, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। M को A के ठीक ऊपर रखा गया है। N को O के ठीक ऊपर रखा गया है। F के ऊपर केवल T को रखा गया है। M के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। N को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है।

R और T के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. एक भी नहीं
- ✓ 4. तीन

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. IDY
- ✗ 2. DYT
- ✗ 3. RMH
- ✓ 4. AVO

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ELY FNX GPW HRV ?

Ans
- ✗ 1. HGU
- ✓ 2. ITU
- ✗ 3. IUV
- ✗ 4. HYV

Q.26 उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े 211 व्यक्तियों की एक पंक्ति में मिस्टर मैक्सी, बाएं छोर से 9वें स्थान पर हैं जबकि मिस्टर हान, दाएं छोर से 91वें स्थान पर हैं। मिस्टर मैक्सी और मिस्टर हान के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✓ 1. 111
- ✗ 2. 110
- ✗ 3. 112
- ✗ 4. 109

Q.27 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

819 829 830 840 841 851 852 ?

Ans
1. 862 ✔
2. 861 ✘
3. 854 ✘
4. 853 ✘

Q.28 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) / 8 5 2 1 1 4 < $ 2 & 8 # 7 5 & 3 + 1 6 ^ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक अन्य संख्या भी है?

Ans
1. दो ✘
2. तीन ✔
3. एक ✘
4. चार ✘

Q.29 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

21 23 33 51 77 ?

Ans
1. 111 ✔
2. 112 ✘
3. 131 ✘
4. 140 ✘

Q.30 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

73 76 81 90 107 ?

Ans
1. 140 ✔
2. 139 ✘
3. 123 ✘
4. 155 ✘